तापमान

अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 20.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 21 सितंबर 2025

14 रक्तदान शिविर में 75 युवाओं ने दिख खून



14 महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट एक रुपये के जरिए दिया समाजवाद...



## खबर संक्षेप

### गांव नौल्था के स्कूल में छात्र को पीटा

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था में जवाहर नवोदय स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र देव मारपीट में घायल हो गया। वहीं स्कूल की नर्स ने देव को प्राथमिक उपचार दिया। इधर, इसराना थाना पुलिस का कहना है कि इस मामले में शिकायत नहीं मिली, लिखित शिकायत मिलने पर इस केस की जांच की जाएगी।

### गोदाम से नगदी चोरी के दो आरोपी पकड़े

पानीपत। नूरवाला के मोहित नगर में वेस्ट कपड़े के गोदाम से नगदी चोरी करने के दो आरोपियों रमन व अमन निवासी गीता कालोनी, नूरवाला क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना तहसील कैंप में सैनी कॉलोनी निवासी सत्यनारायण की शिकायत पर केस दर्ज है।

### युवती पर हमला करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजाखेडी में युवती पर ईंट से जानलेवा हमला करने के आरोपी जोगिंद्र को थाना किला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि आरोपी जोगिंद्र को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। शिकायत पर थाना किला में बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 3(5), 79, 109 के तहत केस दर्ज है।

### बदमाश और पुलिस की मुठभेड़ में सीआईए टू के प्रभारी समेत दो कर्मचारी घायल

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश हुआ ढेर

**घायलों को अस्पताल में करवाया गया भरती**

*मुठभेड़ में दोनों तरफ से 16-17 राउंड फायर किए गए, पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

अंबाला-शामली निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर गांव धौलरा के नजदीक शुक्रवार देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश रजत ढेर हो गया। इस दौरान बदमाश द्वारा की गई फायरिंग में पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा दो यमुनानगर के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार गोली लगने से घायल हो गए। घायल को तुरंत अस्पताल में भरती करवाया गया। बताया गया है कि मुठभेड़ के दौरान दोनों तरप से 16-17 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

- सूचना मिलते ही सीआईए टू की टीम मौके पर पहुंची

जानकारी के मुताबिक सीआइए टू की टीम को बीती रात दस बजे के करीब सूचना मिली थी कि गत रविवार को मॉडल टाउन में फायरिंग करके दहशत फैलाने वालों में से एक रजत कुमार नाम का बदमाश अंबाला-शामली निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर धौलरा के नजदीक मोटरसाइकिल पर हथियार लिए हुए संदिग्ध हालत में घूम रहा है।



यमुनानगर। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में ले जाते हुए पुलिस व सीआईए टू के प्रभारी राकेश कुमार अस्पताल में उपचाराधीन।

### पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग

सूचना मिलते ही सीआईए टू की टीम ने निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर के बाद आरोपी मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपी को रुकने का इशारा किया तो उसने फायरिंग शुरु कर दी। जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग कर दी। दोनों तरफ से इस दौरान करीब 16-17 राउंड फायर हुए। जिसमे पुलिस की फायरिंग में आरोपी रजत कुमार घायल हो गया और बदमाश द्वारा की गई फायरिंग में गोली लगने से सीआईए टू का प्रभारी राकेश घायल हो गया। गंभीर हालत में दोनों को पुलिस अस्पताल में ले गई। जहां पर चिकित्सकों ने बदमाश रजत को मृत घोषित कर दिया और सीआईए टू के प्रभारी राकेश कुमार को दाखिल कर लिया। सीआईए टू के प्रभारी राकेश कुमार को बाजू में गोली लगी है। जिसका उपचार किया जा रहा है।

### आरोपी कई मामलों में चल रहा था वांछित

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि आरोपी रजत पर कई संगीन मामले चल रहे हैं। जिनमें वह वांछित था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि आरोपी रजत ने गत रविवार को शहर के मॉडल टाउन में अपने दो अन्य साथियों के साथ फायरिंग करके दहशत फैला दी थी। यमुनानगर में दहशत फैलाने के बाद तीनों बदमाश लाडवा पहुंचे थे और वहां पर ठेके के बाहर गोलियां चलाई थी। पुलिस उसी समय से आरोपियों की तलाश कर रही थी।



कुरुक्षेत्र। अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी।

## लाडवा ठेका पर गोली चलाने का 50 हजार का इनामी आरोपी मुठभेड़ के बाद काबू

- 14 सितम्बर को आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाडवा के शराब ठेका पर चलाई थी गोली

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने लाडवा शराब ठेका पर गोली चलाने के एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद काबू किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने शुक्रवार शाम को लाडवा शराब ठेका पर गोली चलाने के आरोपी अमन वासी जैनपुर जाटान जिला कुरुक्षेत्र को मुठभेड़ के बाद पैरों में गोली मारकर काबू कर लिया है। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 14 सितंबर की रात्रि को लाडवा के बस स्टैंड के सामने ठेका पर गोली चलाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस के अधिकारी टीम सहित मौका पर पहुंचे। पुलिस टीम और सीन आफ क्राईम टीम ने छानबीन की। कुरुक्षेत्र पुलिस ने जिलाभर मे नाकेबन्दी करके जांच की गई। अपराध शाखा-1 की टीम भी मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को दी अपनी शिकायत में ठेका के सेल्समैन ने बताया कि 14 सितम्बर को रात्रि करीब 11 बजे एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवकों ने उनके ठेका पर की रौन्द फायर किए और भाग गए। कुरुक्षेत्र पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार शाम को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के पीएसआई राहुल कुमार की टीम आरोपियों की तलाश मे लाडवा एरिया मे मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक नौजवान लड़का बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर लाडवा एरिया में घूम रहा है इसके पास अवैध हथियार है जो किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। जो नौजवान लाडवा से पीपली रोड पर जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम लाडवा से पिपली रोड पर आरोपी की तलाश में सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीम को गांव सोंटी में एक नर्सरी के पास एक नौजवान लड़का बिना नंबर की मोटरसाइकिल खड़ा दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस टीम आरोपी की तरफ आगे बढ़ी आरोपी ने पुलिस टीम पर दो रौंद फायर कर दिए। पुलिस टीम ने आरोपी को चेतावनी देते हुए आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन नौजवान लड़का भागने और भागते भागते पुलिस टीम पर दो रौंन्द फायर किए। पुलिस टीम ने अपना बचाव करते जवाबी फायर किया जो गोली आरोपी की टांगों में लगी जिससे आरोपी घायल हो गया जिसको पुलिस टीम द्वारा एलएनजेपी हस्पताल कुरूक्षेत्र में दाखिल करवाया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## बरसूमाजरा में खुलेगी गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक

### पंचायत ने सालाना एक रुपये की दर से 33 साल के लीज पर दी 11 एकड़ जमीन

- पसीएम नायब सैनी ने योजना को दी मंजूरी, पूर्व विधायक ने जताया आभार व कहा की इलाके में युवाओं को मिलेगी रोजगार परक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थान (गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक) खोलने की स्वीकृति प्रदान की है। यह मांग पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गत 20 जनवरी को अनाज मंडी में आयोजित विशाल जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री के सामने प्रमुखता से रखी थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र की तकनीकी शिक्षा और युवाओं के भविष्य के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा गांव बरसुमाजरा की लगभग 11.5 एकड़ भूमि गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के लिए 1 रुपये वार्षिक की दर से 33 साल की लीज़ पर हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग को उपलब्ध करवा दी गई है। विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।अब जल्द ही इस भूमि पर सरकारी पॉलिटेक्निक का भवन बनेगा।



नारायणगढ़। सेवा पखवाड़े के तहत पौधारोपण में हिस्सेदारी करते पूर्व विधायक व अन्य।

### तकनीकी शिक्षा से रोजगार व नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक खोलने की स्वीकृति देने और अब विभाग द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने से क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार और तकनीकी शिक्षा के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पॉलिटेक्निक खुलने से तकनीकी शिक्षा का विस्तार होगा और युवा विज्ञान, इंजीनियरिंग व तकनीकी विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त कर व्यावहारिक ज्ञान और कौशल हासिल कर पाएंगे। यह उन्हें सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ उद्योगों, व्यवसायों और तकनीकी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर दिलाएगा। डॉ. सैनी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा से न केवल रोजगार के रास्ते खुलेंगे, बल्कि नवाचार और उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे युवा नए स्टार्टअप शुरू करने और मेक इन इंडिया व स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं में अपना योगदान देने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन नहीं, बल्कि देश की औद्योगिक क्रांति और आत्मनिर्भर भारत मिशन को सफल बनाने का भी एक महत्वपूर्ण जरिया है। डॉ सैनी ने कहा भविष्य में इस स्थान पर बीटेक (टेक्नोलॉजी ) महाविद्यालय खोलने की मांग भी करेंगे। जिससे युवा इंजीनियरिंग और प्रोद्योगिकी क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे । इस दौरान उन्होंने सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान व पौधारोपण में अहम योगदान दिया।

## एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने साढ़ौरा के एएसआई को दस हजार की रिश्वत लेते काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमूनानगर

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दस हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में साढौरा के एएसआइ पवन कुमार को दबोच लिया। रिश्वत के रुपये साढौरा थाना प्रभारी के पर्स से बरामद हुए। हालांकि वह भाग निकले। जानकारी के मुताबिक अंबाला निवासी सुरेंद्र सिंह ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दी थी कि उसे धोखाधड़ी के एक केस में फंसाया गया है। वर्ष 2023 में यह केस साढौरा थाना में दर्ज हुआ। इस केस को ही खुर्द बुर्द करने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। उनसे एक लाख रुपये मांगे जा रहे हैं। इस संबंध में ब्यूरो को शिकायत दी। जिसके बाद रिश्वत लेने के आरोपित को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। योजना के अनुसार सुरेंद्र दस हजार रुपये लेकर गया। उसने एसआइ पवन कुमार को रुपये दिए। उसने आगे यह रुपये थाना प्रभारी को दे दिए। थाना प्रभारी रेड का पता लगते ही पर्स फेंककर भाग गया। टीम ने एएसआइ पवन कुमार की अंगूलियां पानी में डुबोई तो साफ हो गया कि रिश्वत के रुपये उन्होंने ही लिए हैं।

- रिश्वत के रुपये साढौरा थाना प्रभारी के पर्स से बरामद हुए।



यमुनानगर। एएसआई को अपने साथ ले जाते हुए एंटी करपशन ब्यूरो की टीम के सदस्य।

## अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता पर दें ध्यान : राज्यपाल

**करनाल।** हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने सेक्टर-13 स्थित राजकीय स्मार्ट प्राथमिक पाठशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से संवाद किया, नोटबुक देखीं और अपने हाथों से प्रोटीन बार वितरित किए। राज्यपाल ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा मजबूत होगी तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। अध्यापकों को बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और

- सेक्टर-13 के राजकीय स्मार्ट प्राथमिक पाठशाला का किया दौरा



- राज्यपाल ने बच्चों से क्लास में जाकर किया संवाद
- बच्चों को बांटे प्रोटीन बार
- शौचालयों की सफाई देखकर जताई प्रसन्नता
- स्कूल के लिए 50 हजार रुपये की सहायता घोषित

## पहले फिजी वायरस, फिर बेमौसमी बरसात व बाढ़ और अब हल्दी रोग ने तोड़ी किसान की कमर

- किसान रामपाल मलिक सारसा ने बताया कि यह एक फंगस जनित रोग है जो धान के दानों को हरे-पीले रंग की गांठों में बदल देता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

धान में पीली हल्दी गांठ रोग ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है क्योंकि यह फसल की पैदावार और गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। किसान रामपाल मलिक सारसा ने बताया कि यह एक फंगस जनित रोग है जो धान के दानों को हरे-पीले रंग की गांठों में बदल देता है। इसके लिए अधिक नमी और उच्च तापमान जिम्मेदार होते हैं और यूरिया का अधिक प्रयोग भी इसे बढ़ाता है. किसानों को चिंता इसलिए है क्योंकि इस रोग के कारण फसल की पैदावार काफी कम हो जाती है और धान की गुणवत्ता भी खराब हो जाती है, जिससे बाजार में अच्छी कीमत नहीं मिल पाती।

किसान बलवान सिंह मलिक ने बताया कि रोगग्रस्त दाने बड़े और घुंघराले हो जाते हैं, जिन पर शुरू में हरा-पीला या पीला मखमली पाउडर होता है जो बाद में काले रंग का हो सकता है। किसान शमशेर सिंह ने बताया कि यह रोग फंगस के कारण होता है और अधिक नमी, उच्च तापमान और फसल में यूरिया के अधिक प्रयोग से फैलता है।

किसान दलबीर सिंह, बलबीर सिंह व रघबीर सिंह ने बताया कि किसान इसको लेकर बहुत चिंतित है क्योंकि पैदावार में भारी नुकसान होता है, हल्दी गांठ रोग से धान की फसल में झाड़ कम होता है और दाने ठीक से नहीं बन पाते, जिससे पैदावार घट जाती है। किसान बलवान सिंह ने बताया कि इससे फसल की गुणवत्ता में भी नुकसान होता है।

दानों की गुणवत्ता खराब हो जाती है, जिससे बाजार में धान को अच्छी कीमत नहीं मिल पाती। जिससे पैदावार घटने और गुणवत्ता खराब होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता है।



पिहोवा। धान की फसल में पीली गांठ का दृश्य।

### नागरिकों के साथ पुलिस के जवानों का भी अहम योगदान रहा

# हरियाणा खेलों की दृष्टि में हमेशा रहा अग्रणी: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने कहा कि खेलों का प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेलों के बिना किसी भी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। अनुशासन बनाए रखने में खेलों की बड़ी भूमिका है और पुलिस बलों में अनुशासन आवश्यक है, जिसमें खेल अपनी अहम भागीदारी निभाते हैं। यह अनेकता में एकता का अनूठा उदाहरण हैं। देश की आंतरिक सुरक्षा में पुलिस बलों का विशेष महत्व है। राज्यपाल असीम कुमार घोष पुलिस परिसर मधुबन वच्छेर स्टेडियम में आयोजित 74वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती समूह 2025-2026 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता में आर्म रेसलिंग, बॉडी बिल्डिंग, बॉक्सिंग और कुश्ती के पुरुष व महिला वर्ग की स्पर्धाएं होंगी। यह कुश्ती समूह 20 से 24 सितम्बर तक चलेगा, जिसमें 35 टीमें भाग ले रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा खेलों की दृष्टि से सदैव अग्रणी रहा है। यहां के नागरिकों के साथ पुलिस के जवानों का भी खेलों में अहम योगदान है। हमारे जवानों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के साथ-साथ हरियाणा पुलिस की प्रतिष्ठा भी बढ़ाई है। उन्होंने हरियाणा पुलिस को इस आयोजन की बधाई दी और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन होते रहेंगे।





### विशेष घोषणा

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के होनहार खिलाड़ियों को हरियाणा पुलिस में शीघ्र भर्ती किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पुलिस की जिम्मेदारियां कठिन हो रही हैं, लेकिन जवान खेलों और कर्तव्य दोनों में सामंजस्य बैठाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

**ये रहे मुख्य उपस्थिति:** इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष, महानिदेशक मानव अधिकार हरियाणा अजय सिंघल, निदेशक पुलिस अकादमी मधुबन अशविन्द्र सिंह चावला, पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह, एडीजीपी करनाल रेंज माटा रवि किरण, एडीजीपी हिसार रेंज के.के. राव, आयुक्त गुरुग्राम विकास, एडीजीपी यातायात हरदीप दून, पुलिस आयुक्त पंचकूला शिबास कबिराज, पुलिस आयुक्त झज्जर डॉ. राजश्री, पुलिस महानिरीक्षक रोहतक रेंज वाई. पूर्ण कुमार, पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेन्द्र कुमार गुप्ता, आईजी राज्य अपराध शाखा राकेश आर्य, आईजी एसटीएफ बी. सतीश बालान, आईजी सीआईडी मनीष चौधरी, आईजी अंबाला रेंज पंकज नैन, आईजी कानून एवं व्यवस्था सिमरदीप सिंह, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक करनाल गंगाराम पूनिया, डीआईजी एचएपी सुरेन्द्र पाल सिंह, आदेशक चतुर्थ वाहिनी विनोद कुमार, आदेशक पंचम वाहिनी सुरेन्द्र सिंह भौरियां, पुलिस अधीक्षक पानीपत भूपेन्द्र सिंह, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती अगवा, केस दर्ज

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव की एक महिला ने बताया कि 19 वर्षीय बेटी 18 सितंबर को रात खाना खाकर अपने कमरे में सो थी। रात तीन बजे जब उसकी आंख खुली तो लड़की गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी बेटी को अंबाला के गांव शेरपुर सुलखनी निवासी फुलदीप शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### काम के लिए घर से गई नाबालिग लापता, केस

यमुनानगर। जगाधरी सदर थाना के गांव से घर से काम के लिए निकली नाबालिंग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 19 सितंबर सुबह काम के लिए घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। तलाश पर भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को हर्ष नाम का युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके अपने साथ ले गया है। मां की शिकायत के बाद पुलिस ने हर्ष के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## प्रशासन ने मेगा सफाई अभियान को लेकर कसी कमर

# सफाई अभियान में शामिल होगा शहर का हर कोना, दो से 3 वार्ड का कलस्टर

25 सितंबर के सफाई अभियान को खास बनाने की तैयारी, मंत्री, विधायक, अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आम लोगों के साथ झाड़ू उठाकर करेंगे सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मेगा सफाई अभियान को लेकर नगर निगम के आयुक्त कार्यालय में निगम अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने अधिकारियों को 25 सितंबर के मेगा सफाई अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उनहोंने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान में 25 सितंबर को शहर में मेगा सफाई अभियान चलाया जाएगा। एक दिन, एक घंटे व एक साथ सभी शहरवासी मिलकर शहर की हर सड़क, हर गली, कॉलोनी, चौक, स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान व धार्मिक स्थल के आसपास के क्षेत्र को साफ करेंगे। हर सड़क व गली में पड़े ईंट, पत्थर, रोडे, पॉलिथीन, लकड़ी के टुकड़े आदि कचरे को साफ कराया जाएगा। शहर के सभी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थाएं, सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी संस्थाएं, रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन व नगर निगम के साथ मिलकर शहर की सफाई करेंगी।



यमुनानगर। बैठक में मेगा सफाई अभियान को लेकर निर्देश देते निगमायुक्त।



यमुनानगर। फरकपुर में लोगों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

### हर वार्ड में नियुक्त होगा नोडल अधिकारी

प्रत्येक क्लस्टर में एसडीओ स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। हर क्लस्टर में सफाई अभियान के साथ जागरूकता कार्यक्रम होंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, स्थानीय विधायक, पूर्व मंत्री, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, महापौर व अन्य मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम स्थल के नजदीक मुख्य अतिथि सफाई अभियान की शुरुआत करेंगे। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता रंगोली बनाई जाएगी। ताकि आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया जाए। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक,कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, कार्यकारी अभियंता दालचंद शर्मा व क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्वः राणा

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मौके पर सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**यमुनानगर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। इसलिए हमें वातावरण को साफ सुथरा रखने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने उक्त शब्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत फरकपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहे। मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के साथ साथ देश के महापुरुषों की जयंती मनाने के लिए सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस सेवा पखवाड़ा के तहत 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय व 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। जिनमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इसलिए हमें अपने आस पास गंदगी नहीं फैलानी चाहिए और दूसरों को भी गंदगी फैलाने से रोकना चाहिए।

### अन्तोदय का अर्थ जनकल्याण

उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा अभियान है। यदि हम एक एक पेड़ मां के नाम पर लगाएंगे तो इससे न केवल हमारा पर्यावरण स्वच्छ होगा। बल्कि हमें वर्षा जैसी आवश्यक चीज भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की थी और उन्होंने अपनी एक पुस्तक अंत्योदय पर लिखी। इस अंत्योदय का अर्थ है कि सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लोगों को आहवान किया कि हमें स्वस्थ रहने के लिए समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने मौके पर लोगों से स्वदेशी अपनाए जाने पर बल दिया। उन्होंने कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



रादौर। लाइक पब्लिक स्कूल में स्वच्छता के पोस्टर दिखाते हुए बच्चे।

## प्लास्टिक जैसी हानिकारक वस्तुओं से बनाएं दूरी : नेहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

लाइक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में शनिवार को भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या नेहा देवी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खुले में शौच न करने, गीले, सूखे कचरे को अलग करने व प्लास्टिक का प्रयोग न करने के बारे में समझाया। हमें गीले कचरे को डस्टबिन में डालना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अलग अलग गतिविधियों द्वारा समझाया गया कि प्लास्टिक प्रदूषण गाय व अन्य जानवरों को हानि पहुंचाता है। इसलिए हमें प्लास्टिक जैसी हानिकारक वस्तुओं से दूरी बनानी चाहिए।

### अभियान से जुड़ें

प्राचार्या नेहा देवी ने कहा कि महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने को प्रधानमंत्री मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को स्वच्छ अभियान शुरू किया था। इसे सम्पूर्ण भारत के सभी नागरिकों ने इस अभियान से जुड़ने की अपील की थी। इस अभियान का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना था। गांधी जी की 150वीं जयंती को इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु मनाया गया। विद्यार्थियों व अध्यापकों ने संकल्प लिया कि भारत को स्वच्छ बनाएंगे। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का इस्तेमाल नहीं करेंगे और पॉलिथीन बैग्स को बढ़ावा नहीं देंगे। कपड़े तथा जूट के थैलों का उपयोग करेंगे। मौके पर बच्चों ने स्वच्छता पर पोस्टर मेकिंग कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

### 10 साल की बच्ची से दुकानदार ने की अश्लील हरकत

**यमुनानगर।** शहर के फर्कपुर थाने में दुकान पर सामान लेने के लिए गई 10 वर्षीय बच्ची से दुकानदार ने अश्लील हरकतें की। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 10 वर्षीय बेटी शाम को दुकान से सामान लेने के लिए गई थी। जब उसकी बेटी दुकान से सामान लेने के बाद घर लौटी तो वह बहुत घबराई हुई थी। जब उसने अपनी बेटी को इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि दुकानदार अंकल ने उसके साथ छेड़छाड़ की है। उसे गलत जगह से छुआ है। यह सुनते ही उसने आरोपी दुकानदार को फोन किया। इस दौरान दुकानदार ने उसे गाली गलौज की। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नायब सैनी व मनोहर लाल से मुलाकात देती है सकारात्मक ऊर्जा : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सीएम नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिलने के बाद सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने चंडीगढ़ में सीएम व पूर्व सीएम के अलावा मंत्री अनिल विज व डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा से मुलाकात के बाद यह बात कही।

पूर्व मंत्री ने बताया कि चंडीगढ़ में मुलाकात के दौरान हरियाणा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक रचनात्मक बातचीत हुई। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा में चल रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही



ऊर्जा विभाग से संबंधित योजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार, बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने पर भी विचार विमर्श किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केन्द्रीय कैबिनेट ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से उन्हें हमेशा कार्य करने की सकारात्मक ऊर्जा व प्रेरणा प्राप्त होती है।

### जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से ठगे दो लाख, केस

**यमुनानगर।** जमीन बेचने के नाम पर गांव जयधर निवासी जसमीत से दो लाख रुपये हड़प लिए। आरोप गांव के ही पवन कुमार पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने जसमीत से जमीन के बयाने के रूप में दो लाख रुपए लिए। आरोपी ने बाद में जमीन बेचने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव जयधर निवासी जगमीत ने बताया कि उसे पता चला कि गांव का ही पवन कुमार अपनी जमीन बेच रहा है। वह पवन से मिला व जमीन का सौदा किया। पवन क बयाने के रूप में दो लाख रुपए लिए। बाकी पैसे रजिस्ट्री करवाते समय देने तय हुए। पवन ने तय समय पर रजिस्ट्री नहीं करवाई। जब उसने आरोपी से बात की तो वह टाल मटोल करने लगा। जब उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया।

## श्रमिकों के शारीरिक व मानसिक विकास के बिना प्रदेश का विकास संभव नहीं : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा शहर के पेपर मिल ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय मंडलस्तरीय खेलक प्रतियोगिता संपन्न हो गई। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने विजेताओं को सम्मानित कर खिलाड़ियों को नशा मुक्त रहने व खेल भावना से खेलने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। बल्कि जीवन में अनुशासन, सहयोग और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देते हैं। श्रमिक वर्ग को समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताई। श्रमिक हमारी प्रगति का आधार हैं। उनके शारीरिक और मानसिक विकास के बिना राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है। बोर्ड की श्रमिकों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित की गई खेलकूद प्रतियोगिता की सराहना की।



### हर प्रकार से तबाह करता है नशा

नशा न केवल शरीर को कमजोर करता है। बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी तबाह कर देता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने और खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ दिलाई।

### निश्चयजीत स्टेट कराटे टीम में चयनित

**रादौर।** बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में राज्यस्तरीय टीम कराटा के लिए चयनित किए जाने पर कराटे खिलाड़ी निश्चयजीत का जोरदार स्वागत किया गया है। स्कूल की प्रिंसीपल पूजा कांबोज व स्टाफ सदस्यों ने छात्र निश्चयजीत को बधाई दी। प्राचार्या पूजा कांबोज ने बताया कि निश्चयजीत ने मेहनत व लग्न से स्टेट टीम कराटे में अपना स्थान बनाया है। प्रदेश सरकार के खेल विभाग की ओर से आयोजित खेल महाकुंभ में 39 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिनमें स्कूल की छात्रा निश्चयजीत ने भी खेल महाकुंभ के खिलाड़ियों में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया। खेल महाकुंभ का राज्य स्तरीय आयोजन 24 से 26 सितंबर को पंचकूला में होने जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस महाकुंभ के लिए प्रदेश भर से 39 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें 10 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के कराटा खिलाड़ियों ने एक दूसरे से प्रतिद्वंद्विता करते हुए खुद को साबित किया है। निश्चयजीत का चयन होने से प्रिंसीपल पूजा कांबोज ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



## कार सवार युवकों ने नर्स को अगवा करने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर के प्राइवेट अस्पताल की नर्स को कार सवार युवकों ने अगवा करने का प्रयास किया। आरोपी इसमें सफल नहीं हो सके। नर्स के डायल 112 पर कॉल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। बिलासपुर पुलिस ने नर्स की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढ़ौरा थाना के गांव निवासी 25 वर्षीय युवती ने बताया कि वह प्राइवेट अस्पताल में नर्स की नौकरी करती है। वह अपने गांव में प्रतिदिन आती जाती है। वह ड्यूटी खत्म करके अपने घर जाने के लिए जा रही थी तो बिलासपुर रेस्ट हाउस के पास कार में सवार होकर चार-पांच युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसको कार में अगवा करने का प्रयास किया।

### बस स्टैंड तक पीछा किया

इसके बाद वह व्यासपुर बस स्टैंड पर आ गई। वहां पर भी आरोपी युवक आ पहुंचे। आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। उसने डायल 112 फोन किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

## ग्लोबल रिसर्च के विद्यार्थी छाए | ग्लोबल व प्रयागज्योतिपुर विवि बने विजेता

- 70 पोस्टर और 100 से अधिक ब्लॉग मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज नाचरौन(रादौर) में इन्वेंटालाइफ रिसर्च साल्यूशंस के सहयोग से आपकी सुरक्षा केवल एक क्लिक दूर विषय पर आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय नेशनल फार्माको विजिसेंल वीक 2025 कार्यक्रम का समापन हो गया। मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में पीचीआई एमईआर चंडीगढ़ के फार्मा कोलाजिस्ट प्रो. विकास मेधी व जूनियर रेजिडेंट डॉ. विपुल भारती ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने की।

इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रो. विकास मेधी व डॉ. विपुल भारती ने कार्यक्रम में दवा सुरक्षा व मरीजों की सुरक्षा में फार्माकोविजिलेंस की भूमिका पर अपने विचार सांझा किए। मौके पर जीआरआईपी के सहायक प्राध्यापक जसविंद्र सैनी ने फार्माको विजिलेंस की मूलभूत जानकारी दी।

विषय विशेषज्ञ विशाल चनालिया व तवलीन कौर ने मॉक एडीआर रिपोर्टिंग ड्राइव का आयोजन पर अपने विचार सांझा किए। एसबीएएसजेएसएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी पंजाब के प्रो. डॉ. अजय सिंह कुशवाह ने क्लिक एंड रिपोर्ट, डिजिटल फार्माको विजिलेंस फार व सेफर टूमारो विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल उपकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान 70 पोस्टर, सौ से अधिक ब्लॉग व 50 से अधिक रील प्राप्त हुई।



### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

ब्लॉग राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्लोबल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी राढ़ौर को व द्वितीय स्थान चौधरी देवी लाल कॉलेज ऑफ फार्मेसी यमुनानगर को मिला। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय गुवाहटी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान पारुल विश्वविद्यालय गुजरात को मिला। रील मेकिंग प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय दोनों पुरस्कार ग्लोबल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी राढ़ौर के विद्यार्थियों ने अपने नाम किए।

## युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर 18 वर्षीय युवती से दुष्कर्म किया। कुनाल ने बाद में युवती को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस में युवती की शिकायत पर आरोपी युवक व उसके माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव निवासी युवती ने बताया कि 2024 में उसकी दोस्ती कुनाल के साथ हुई थी। फिर उसका कुनाल के साथ प्रेम प्रसंग था। एक दिन वह घर पर अकेली थी। कुनाल उसके घर आया तथा शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया। युवती ने बताया कि इसके बाद आरोपी अक्सर उसके घर पर आता और शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा।

### धक्के देकर निकाला

जब उसने शादी करने को कहा तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। इस बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। फिर वह कुनाल के माता-पिता से उनके घर मिलने गई मगर आरोपियों ने गाली गलौच कर उसे घर से निकाल दिया। जांच के बाद पुलिस ने कुनाल व उसके माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन | भाषण में छात्रा दृष्टि प्रथम स्थान

- संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने शुभारंभ किया। उन्होंनें बताया कि प्रतिभा खोज कार्यक्रम में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दृष्टि ने प्रथम, गोपाल ने द्वितीय व तनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हर्षित व हरजोत सिंह की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में आयुषी ने प्रथम, अनया ने द्वितीय व दीप्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना है।



### छात्रों के अकादमिक व सांस्कृतिक विकास के लिए सभी मिलकर करें काम

निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। बल्कि उनकी सृजनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को भी प्रकट करते हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा मंच देना है जो उनकी समग्र विकास में सहायक हो। संस्थान के शिक्षकों और वरिष्ठ विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि संस्थान हमेशा अपने छात्रों को उनके अकादमिक व सांस्कृतिक विकास के लिए ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए तत्पर है। जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा व कौशल में निखार आ सके। मौके पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## नाचरौन गांव में हवन के साथ हुआ रामलीला का शुभारंभ

# श्रीराम जन्म पर अयोध्या में मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब (रजि) के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चौदह दिवसीय श्रीराम लीला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हवन पूजन और श्रीगणेश भगवान की आरती करके श्रीराम लीला का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में पूर्व सरपंच रामलाल व वर्तमान महिला सरपंच के प्रतिनिधि सचिन और पंच सदस्यों ने पूजन करके किया। श्रीराम लीला के पहले दिन श्रीराम जन्म का दृश्य मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया।

क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल राणा व सेठपाल और राहुल आदि ने बताया कि श्रीराम लीला के पहले दिन प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि पावन नगरी अयोध्या के राजा दशरथ की कोई संतान नहीं है। संतान प्राप्ति के लिए अपने गुरूवर वशिष्ठ जी से विचार विमर्श किया। गुरू वशिष्ठ की सलाह पर भूपति दशरथ ने यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ के पश्चात उन्हें चार पुत्र रत्नों में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की प्राप्ति हुई। जैसे ही अवध में नारायणावतार प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ तो चहुं ओर खुशियां छा गई। साकेतवासी गाने बजाने लगे, मिठाई बांटी।



### दशरथनंदन के जीवन से लें प्रेरणा

मौके पर मुख्यातिथि एवं पूर्व सरपंच रामलाल व वर्तमान महिला सरपंच के प्रतिनिधित सचिन ने कहा कि प्रभु श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। हमें दशरथनंदन के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। आधुनिक समय में हर घर में धार्मिक ग्रंथों का पठन पाठन होना चाहिए। इससे परिवार व समाज में शांति का माहौल बना रहता है और बच्चे सात्विक प्रवृत्ति के बनते हैं।



### राजा जनक ने चलाया हल, सीता मिली

सीता जन्म की लीला में दिखाया गया कि राजा जनक के राज्य में कई वर्षों से जल वर्षा नहीं हुई। कृषक वर्ग में त्राही-त्राही मच गई। सभी धरतीपुत्र एकत्रित होकर अधिपति जनक से फ रियाद करते हैं कि जब वह स्वयं अपने हाथों से हल चलायेंगे तो राज्य में पानी बरसेगा और किसानों में प्रसन्नता होगी। राजा जनक स्वयं हल चलाने को तैयार हो गए। ज्यों ही प्रजा हितैषी जनक हल चलाते हैं त्यों ही भूमि में से एक मंजूषा निकलती है। जब मंजूषा को खोला गया तो उसमें से एक सुंदर कन्या मिलती है। सीता जन्म के इस मनमोहक दृश्य को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

## खबर संक्षेप



### केयू आईआईएचएस संस्थान में लगाए पौधे

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज में भूगोल विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पोधारोपण किया गया। प्राचार्या रीटा दलाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना, सतत विकास की प्रथाओं को अपनाना और छात्रों एवं अध्यापकों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को स्थिरता एवं सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

### 'एक घंटा एक साथ' कार्यक्रम 25 को

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में स्वच्छ पिहोवा मेरा पिहोवा मेरा अभिमान के तहत लगातार अभियान चलाकर सफाई कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 सितम्बर को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक एक घंटा एक साथ कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें आमजन को सफाई के प्रति जागरुक किया जाएगा।

### राजकीय स्कूल के तीन खिलाड़ी कुश्ती में चमके



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के तीन खिलाड़ियों पार्थ ने ताइक्वांडो, भावेश ने मुक्केबाजी, स्नेहा ने कुश्ती की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व जिला कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रार्थना सभा में विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य अरुण गोयल ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर 22 सितम्बर को कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ 22 सितम्बर को सुबह हवन एवं ध्वजारोहण के साथ अग्रवाल धर्मशाला नजदीक रेलवे स्टेशन पर होगा। इसके बाद महाराजा अग्रसेन चौक मोहन नगर पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर श्रद्धा भाव से माल्यार्पण होगा।

## द्रोणाचार्य स्टेडियम में किया जाएगा 'नमो युवा रन' का आयोजन

# प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए आज दौड़ेंगे हजारों युवा

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में 6 हजार से ज्यादा लोगों ने किया आवेदन**

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ कुरुक्षेत्र

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संदेश को आमजन तक पहुंचाने के लिए कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आज हजारों युवा दौड़ेंगे। इस नमो युवा रन का आयोजन 21 सितंबर को सुबह 6 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा द्रोणाचार्य स्टेडियम में नमो युवा रन कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि 21 सितंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली नमो युवा रन ऐतिहासिक होगी और इस दिन इस नमो युवा रन को पूरा देश देखेगा। जिला में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र में 21 सितंबर को 5 किलोमीटर लंबी नमो युवा रन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस मैराथन का उद्देश्य केवल खेल भावना को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि नशामुक्त समाज का संदेश जन-जन तक पहुंचाना भी है।



कुरुक्षेत्र। नमो युवा रन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा,पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एएसपी प्रतीक गहलोत, एसडीएम शाश्वत सांगवान, डीएमसी अमन कुमार,राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य जगमोहन, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के साथ नमो युवा रन के रूट द्रोणाचार्य स्टेडियम से जिंदल चौक और फिर वापिस द्रोणाचार्य स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय रहते तैयारियां पूरी करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नमो युवा रन कार्यक्रम के लिए प्रशासन की तरफ से गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किया हुआ है, जिस पर अभी तक 6 हजार से ज्यादा ने आवेदन किया है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वह जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए लिंक पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें और नमो युवा रन में हिस्सा ले। इस मौके पर प्रिंसिपल सतीश मुच्छाल, प्रिंसिपल अश्विनी कुमार, प्रिंसिपल दिनेश राणा, प्रिंसिपल राकेश कुमार धीमान सहित आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच को देश के 75 जिलों में देखा जाएगा लाइव : सुभाष सुधा

*कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच को 21 सितंबर की नमो युवा रन के माध्यम से पूरा देश देखेगा। इस कार्यक्रम को देश के सभी प्रदेशों के 75 जिलों में लाइव देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम में करीब 20 हजार युवा हिस्सा लेंगे। इनमें हर आयुवर्ग के व्यक्ति शामिल होंगे। हरियाणा पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में 21 सितंबर को होने वाली नमो युवा रन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एएसपी प्रतीक गहलोत, डीएमसी अमन कुमार, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने द्रोणाचार्य स्टेडियम मे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियां को लेकर कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा को जाना और रुट के बारे में जानकारी भी ली।*

### अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

*पूर्व राज्यमंत्री ने अधिकारियों को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बहुत बड़ी सोच है। उसी सोच से युवाओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने, उन्हें नशे की लत से दूर रखने और देश के भविष्य को सुरक्षित रखने को देखते हुए कुरुक्षेत्र में नमो युवा रन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में करीब 20 हजार युवाओं ने नमो युवा रन में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरा हुआ है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को स्वच्छता के मामले में अव्वल आने के लिए 11 सप्ताह को हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत कुरुक्षेत्र को प्रदेश में नंबर वन बनाने के लिए प्रयास शुरू किए हुए है। उन्होंने कहा कि रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है और साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 25 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में कुरुक्षेत्र को नंबर वन बनाया जाएगा।*

## लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखेगी हरियाणा की झलक

# विरासत में सांझी उत्सव का उद्घाटन आज

**150 से अधिक महिलाएं अपनी सांझी लगाने के लिए पहुंचेगी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

विरासत दि हेरिटेज विलेज जी.टी. रोड मसाना में विरासत हेरिटेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त तत्वावधान में आज सांझी उत्सव-2025 का उद्घाटन कर महिलाओं द्वारा सांझी लगाई जाएंगी। सांझी प्रतियोगिता में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश से 150 से अधिक प्रतिभागी महिलाएं अपनी सांझी लगाने के लिए पहुंचेगी। सांझी उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, यह जानकारी विरासत एएचए सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि सांझी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के लिए 1 लाख 71 हजार आठ सौ रुपए के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय सांझी उत्सव में 21 सितंबर अमावस्या के दिन सांझी लगाई जाएंगी।

### मेहंदी प्रतियोगिता भी होगी आयोजित

विरासत सांझी उत्सव में जहां एक ओर विश्व की सबसे बड़ी सांझी लगेगी वहीं पर दूसरी ओर मेहंदी लगाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि विरासत इस सांझी उत्सव में हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी मुख्यातिथि होंगी वहीं भगत फूल सिंह महिला विवि सोनीपत की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा विशेष अतिथि के तौर मौजूद रहेंगी।

### हरियाणा की सांस्कृतिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी

अभिनव पूनिया ने बताया कि सांझी उत्सव में हरियाणा की पुरातन विषय-वस्तुओं की सांस्कृतिक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में खेती-बाड़ी की पुरातन वस्तुएं, हरियाणा के परिवहन के साधनों में बैलगाड़ियां, रेहडू आदि भी प्रदर्शित किये जाएंगे।

## अत्याचार समाप्त करने के लिए द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण का अवतार हुआ : शास्त्री

**सेक्टर-3 में सत्संग का आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पितृ पक्ष के अवसर पर श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर-3 में उपस्थित श्रोताओं को बताया की भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। द्वापर युग में भोजवंशी राजा उग्रसेन मथुरा में राज्य करते थे। उसके आततायी पुत्र कंस ने उसे गद्दी से उतार दिया और स्वयं मथुरा का राजा बन बैठा। कंस की चचेरी बहन देवकी थी, जिसका विवाह वसुदेव नामक यदुवंशी से हुआ था।

### भगवान की कथा सुनाई

*एक समय कंस अपनी बहन देवकी को उसकी ससुराल पहुंचाने जा रहा था। रास्ते में आकाशवाणी हुई- 'हे कंस, जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से ले जा रहा है, उसी में तेरा काल बसता है। इसी के गर्भ से उत्पन्न आठवां बालक तेरा वध करेगा।' यह सुनकर कंस वसुदेव को मारने के लिए उद्यत हुआ। तब देवकी ने उससे विनयपूर्वक कहा 'मेरे गर्भ से जो संतान होगी, उसे मैं तुम्हारे सामने ला दूंगी। बहनोई को मारने से क्या लाभ है। कथा वाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि दुराचार, पापा चार, अत्याचार को समाप्त करने के लिए ही द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण का अवतार हुआ।*



### मुख्यमंत्री से मिला हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा का शिष्टमंडल

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता एक शिष्टमंडल चंडीगढ़ स्थित सीएम निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला। शिष्टमंडल में श्याम लाल जोगी, राजकुमार जोगी, मुकेश आर्य हिसार, रघुबीर सिंह पाल पानीपत, ईशम सिंह कुरुक्षेत्र, टीका सिंह आदि शामिल थे। रामकुमार रंबा ने मुख्यमंत्री से सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री से मांग की जो भी पद खाली पड़े हैं उन्हें भरा जाए।

## नवरात्रि में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना श्रद्धा भाव से करनी चाहिए : डॉ.सुरेश मिश्रा

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, 22 सितंबर को कलश स्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 06 मिनट से लेकर सुबह 8 बजकर 10 मिनट तक कर सकते है। अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 50 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। इस दौरान भी साधक घटस्थापना कर सकते हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि का पर्व देवी शक्ति मां दुर्गा की उपासना का उत्सव है। नवरात्रि के नौ दिनों में देवी शक्ति के नौ अलग-अलग रूप की पूजा-आराधना की जाती है। शारदीय नवरात्रि अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनायी जाती है। शरद ऋतु में आगमन के कारण ही इसे शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। शारदीय नवरात्रि 22 सितम्बर से शुरू हो रही है। शक्ति का यह महापर्व 1अक्तूबर तक चलेगा। कई स्थानों में चौदस तिथि 6 अक्तूबर तक भी व्रत रखते है।

### ऐसे करें भगवती मां दुर्गा के स्वागत की तैयारी

*नवरात्रि में घर पर मां दुर्गा की फोटो या मूर्ति को स्थापित करने के लिए लकड़ी की चौकी का होना जरूरी है। माता को लाल रंग का कपड़ा बहुत पसंद होता है ऐसे में चौकी पर बिछाने के लिए लाल कपड़ा अवश्य होना चाहिए। कलश स्थापना में सोने, चांदी या मिट्टी के कलश का प्रयोग किया जा सकता है। कलश स्थापना और मां दुर्गा की पूजा में आम के पत्तों का होना बहुत जरूरी होता है। नवरात्रि में कलश स्थापना और पूजा में जटा वाला नारियल के साथ पान, सुपारी, रोली, सिंदूर, फूल और फूल माला,कलावा और अक्षत यानि साबूत चावल होना चाहिए।*




### एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने राज्य स्तरीय तीन दिवसीय धरने के दूसरे दिन की अध्यक्षता यूनियन राज्य प्रधान नीतू ने की और संचालन पवन पलवल राज्य महासचिव ने किया। धरने को यूनियन नेताओं के अलावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य महासचिव एवं सीटू के नेता सतीश सेठी, कुटिया के पूर्व प्रधान एवं रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव मान सिंह, जिला नेता अनिल कुमार, सुनील रत्न, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओम प्रकाश, हेमसा राज्य प्रधान संदीप सांगवान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ राज्य ऑडिटर महावीर प्रसाद दहिया, आशा वर्कर्स की जिला प्रधान मंजीत एवं सचिव पिंकी, ब्लाक प्रधान सर्व कर्मचारी संघ थानेसर विशाल सैन आदि नेताओं ने धरने को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि करीब चार हजार लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर को 16 महीने से न काम मिला और न ही वेतन। नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ की पोस्ट के लिए। ऑफर लेटर में बनाई दो केटेगरी यह बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी है।

## आदेश हार्ट सेंटर की सफलता से क्षेत्रवासियों को मिला जीवनदान

**2 वर्ष में मिली सफलता, इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कालेज एवंअस्पताल के आदेश हार्ट सेंटर ने मात्र 2 वर्ष सफलता व उपलब्धियों के साथ पूरे होने पर हार्ट सेंटर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सा जगत से जुड़े बहुत सी प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। जानकारी देते हुए आदेश के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि मात्र दो वर्ष में आदेश हार्ट सैंटर ने समर्पण भाव और सेवभाव से हजारों मरीजों की जान बचाई है और अब तक जो उपलब्धियां हासिल की हैं वह पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है। 21 सितम्बर 2023 से स्थापित यह सेंटर आज हजारों मरीजों के लिए नई जिंदगी की नयी किरण बन चुका है। इन दो वर्षों में इस हार्ट सेंटर में 2000 से अधिक एंजियोग्राफी, 1500 से अधिक एंजियोप्लास्टी, 200 से ज्यादा पेसमेकर, आदि उपचार किये गये हैं। इस कार्यक्रम में डा. सुखबीर मैहला निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ हरियाणा, डा. राकेश सहल मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंबाला सिटी, डा. जगमिंदर, डिप्टी सीएमओ कुरुक्षेत्र, डा. रमेश सभरवाल डिप्टी सिविल सर्जन एवं कैंसर विशेषज्ञ आदि विशेष रूप से मौजूद रहीं और आदेश हार्ट सैंटर की कार्यशैली और अनुभवी चिकित्सकों की प्रशंसा की।

### अनुभवी चिकित्सकों की प्रशंसा की

*डा. गुणतास सिंह गिल ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आदेश हार्ट सेंटर की यह सफलता अनुभवी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ और पूरे स्टाफ की मेहनत तथा मरीजों और उनके परिवारों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दो वर्षों की यह सफल यात्रा आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियों का आधार बनेगी। इस अवसर पर प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा, एम.एस.डा. गुरसतिन्द्र सिंह, डी.एम.एस. डा. नरेश ज्योति मौजूद रहे।*

## कुलदेवी महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन के जयकारों से गूंजा शहर

**लाडवा।** महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का शुभारंभ शनिवार को सुबह प्रभात फेरी के साथ हो गया है। पहले दिन की प्रभात फेरी शनिवार सुबह ज्वाला जी मंदिर से शुरू की गई। प्रभात फेरी में महाराजा अग्रसेन जी का दरबार फूलों से सजाया गया। कुलदेवी महालक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन की जय जयकार से पूरा शहर गूंजायमान हो गया। बड़ी संख्या में अग्र समाज के लोगों ने प्रभात फेरी में भाग लिया । प्रभात फेरी का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए श्री अग्रवाल सभा लाडवा के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि प्रभात फेरी निकालने का मुख्य उद्देश्य लोगों में महाराजा अग्रसेन जयंती के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन की प्रभात फेरी रविवार सुबह 5 बजे महाराजा अग्रसेन चौक से पुराने शहर में जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह लाला जमनादास अग्रवाल पार्क में 18 कुंडिय श्री महालक्ष्मी यज्ञ का आयोजन होगा जिसमें 18 कुंडों में अग्रसमाज के लोग आहुतियां डालेंगे। इसके बाद पार्क में ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांयकालीन सत्र में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण, महाआरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे व कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल करेंगे। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल कार्यक्रम में विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उन्होंने अग्रवाल समाज से अपील करते हुए कहा कि वें सपरिवार महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के कार्यक्रमों में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



### मनीष वत्स ने रुक्मणी कृष्णा संवाद का व्याख्यान कर श्रद्धालुओं को भक्ति व आनंद से किया सराबोर

**पिहोवा।** सीता सेवा सदन पिहोवा में सेवा सनातन समिति के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भागवताचार्य श्री मनीष वत्स ने रुक्मणी और कृष्णा सवांद का व्याख्यान करते हुए सभी श्रद्धालुओं को भक्ति व आनंद से सराबोर कर दिया और रुक्मणी कृष्ण संवाद सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान भोलेनाथ भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करने के लिए रासलीला में गोपी बनकर आए और गोपेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुए।रुक्मिणी देवी, श्रीकृष्ण की एक पत्नी हैं, जिन्हें ह्यविदर्भनन्दिनीह्न कहा जाता है। उनका विवाह श्रीकृष्ण से एक प्रेम-विवाह था: वे श्रीकृष्ण को वर स्वीकार करती हैं, क्योंकि दिल से उन्हें प्रेम था। श्रीमद्भागवत आदि पुराणों में रुक्मिणी-कृष्ण संवाद घटनाएँ वर्णित हैं जहाँ रुक्मिणी जी श्रीकृष्ण से अपने अंतःस्थ भावों, प्रेम, उत्सुकता, श्रद्धा, इत्यादि की अभिव्यक्ति करती हैं, और श्रीकृष्ण भी प्रेमपूर्वक, विनोद-भाव लगाकर उनसे उत्तर देते हैं। संवादों में कभी भावुकता, कभी विनोद, कभी लीलापरक चुनौती, कभी आत्म-समर्पण आदि भाव मिलते हैं। पाइस अवसर पर पार्षद विकास चोपड़ा, वीरेंद्र टंडन, राजेश वर्मा, नितिन पुरी, लोकेश दहूजा, प्रवीण उपाध्याय, चिराग, सचिन मित्तल, प्रवेश कुमार, गौरव व प्रशांत शर्मा मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा ने लगाया विशाल रक्तदान शिविर

# हर व्यक्ति को समाज सेवा के भाव से जीवन में जरूर करना चाहिए रक्तदान : डॉ. आरएस

**रक्त की एक बूंद लाखों जीवन बचाने का रखती है सामर्थ्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा द्वारा सरदार चानन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नजदीक सतलुज सीनियर सकेन्डेरी स्कूल, किशनगढ़ रोड, शाहबाद मारकंडा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अग्रवाल वैल्फेयर सोसायटी, इनरवहील क्लब, सतलुज इंटरैक्ट क्लब, आर्य कन्या महाविद्यालय रोटरैक्ट क्लब, लॉर्ड कृष्णा स्कूल, उगाला के संयुक्त प्रयास से हुआ, जिसमें विद्यालय के अध्यापक, समाजसेवी तथा विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। रक्त संग्रह का कार्य पीजीआई चंडीगढ़ की टीम ने डॉ. अनुभव और डॉ. अनु के नेतृत्व में सम्पन्न किया।




शाहबाद। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

### शिविर में 110 लोगों ने कमाया पुण्य

*विशाल रक्तदान शिविर में लगभग 300 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें 110 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया जबकि चिकित्सकीय कारणों से 79 लोग रक्तदान नहीं कर पाए। इस अवसर पर गोपाल कुमार, शाखा प्रबंधक, लाड़वा रोड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मास्टर सुभाष कलसाना, समाजसेवी, सुभाष चन्द्र, बिजेन्दर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी, शाहबाद मारकंडा, बलदेव चावला, समाजसेवी, गुलशन क्वातरा, प्रधान, नगरपालिका शाहबाद मारकंडा तथा विष्णु भगवान गुप्ता आदि ने विषिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की ।*

### एसबीआई कर्मियों ने भी किया रक्तदान

*रोटरी क्लब के प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया तथा कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा दान की गई हर एक बूंद रक्त कई लाखों जीवन बचाने का सामर्थ्य रखती है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति को समाज सेवा के भाव से जीवन में अवश्य रक्तदान करना चाहिए। मानवता की सच्ची सेवा रक्तदान से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती। इस अवसर पर कई रोटरीयन्स तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया।*

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर रो. राज कुमार गर्ग, रो. एस. एस. अहूजा, रोटरी सचिव रो. विक्रम गुप्ता, रो. अंकुर सिंह, प्रोजेक्ट चेयरमैन, रो. सिद्धार्थ नागर, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, रो. राजेश जैन, रो सुभाष सिंगला, रो. संदीप ऋषि, रो. एस. एस. खुराना, रो. दीपक ककड़, रो. उमाकांत सिंघल, रो. गुरदीप सिंह हेयर, रो. समीर सेठी, रो. सुरेश गोगिया, रो. दीपक गांधी, रो. विपुल गुप्ता, रो. प्रीतपाल सिंह ढील्लों, रो. परवीन ठकराल, रो. विरेंदेर ठकराल, रो. महेश गोयल, रो. विपुल गुप्ता, रो. आर. डी. गुप्ता, रो. दीपक शर्मा, रो. कुलदीप गुप्ता, रो. नीरज गुप्ता, रो. डॉ. पीयूष अगरवाल, रो. डॉ. उमेश गुप्ता, तिलक अगरवाल, डॉ. अदित वर्मा आदि मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### चोरी का आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी चेतन अंजना व संजय अंजना को गिरफ्तार किया है। आरोपी चेतन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया व आरोपी संजय का 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में अब तक कुल 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चेतन से 24 हजार, आरोपी संजय से 46 हजार रूपये व दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। पालम विहार के राजेंद्र कुमार ने 6 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 5 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपियों ने फर्जी पुलिस अरेस्ट वारंट भेजकर तथा डरा धमका कर डिजिटल अरेस्ट कर उनसे अढ़ाई करोड़ रुपये की ठगी की थी।

### चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने एक अन्य आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। भड़ोग के सुखविंद्र सिंह ने 25 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 जुलाई 2025 को आरोपी ने गांव भड़ौग में स्थित गुरूद्वारा साहिब से पानी की टूटियां, बिजली की तार व बोर्ड चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मोटरसाईकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरविंद्र सिंह उर्फ भाई को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जितेंद्र सिंह ने 25 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि देवी नगर गुरूद्वारा साहिब के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कमेटी ने 204 बोतल शराब नष्ट करवाई

**अंबाला।** पुलिस थानों में अवैध शराब की तस्करी से संबंधित दर्ज मामलों में बरामद की गई शराब को नष्ट करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के दौरान शनिवारको शराब की 21 मदों का निपटारा होने पर अंग्रेजी व देसी की कुल 204 बोतल शराब कमेटी द्वारा नष्ट करवाई गई है।

### धान की खरीद जल्द शुरू करे सरकार

**बराड़ा।** मुलाना विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि प्रदेश में धान की फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार को तुरंत शुरू करनी चाहिए ताकि किसानों व आढ़तियों को राहत मिल सके। विधायक पूजा साहा, केसरी और मोहड़ा मंडी में किसानों व आढ़तियों से मुलाकात करने पहुंची। कहा कि पिछले एक महीने से पूरा प्रदेश बाढ़ जैसी आपदा से जूझ रहा है। इस आपदा में किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं और धान की पैदावार भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। जो थोड़ी-बहुत फसल बची है, उसकी आवक मंडियों में शुरू हो चुकी है, लेकिन सरकार अब तक खरीद शुरू नहीं कर पाई है। मांग की कि धान की खरीद एमएसपी पर तत्काल शुरू की जाए और मंडियों में फसल के उठान व बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजन

# स्वेच्छा से रक्तदान करने वालों को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया

## सदर मंडल ने किया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना कोई छुट्टी लिए देश के कल्याण दिन-रात लगे हुए हैं। उनके जन्मदिन से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों में जनभावना देखने को मिल रही है। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर सेवा के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। विज सेवा पखवाड़ा के तहत अंबाला छावनी अग्रवाल धर्मशाला में भाजपा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर सारे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कड़ी में सदर मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें लोगों का उत्साह एवं जोश देखते ही बन रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी मंडलों में एक-एक रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर व पौधारोपण के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। प्रयास किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन को ध्यान में रखते हुए आंकड़ा 75 का होना चाहिए। शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।


अंबाला। रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

### मंत्री विज को स्मृति चिह्न भेंट किया

इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे ऊर्जा मंत्री अनिल विज का स्वागत भाजपा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। उन्होंने स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर भाजपा सदर मंडल के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, पीएमओ डॉ. पूजा के अलावा भाजपा नेता संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, बीएस बिंद्रा, राजीव गुप्ता, करण अग्रवाल, विपिन खन्ना, विजेंद्र चौहान, रवि बुद्धिराजा, इकबाल, श्याम सुंदर अरोड़ा, विनय मेहता, इकबाल ढांडा, आशीष जयसवाल, विकास जैन, अजय गुप्ता, सचिन बुद्धिराजा, तरुण सेठी आदि मौजूद रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में इशव प्रथम

■ क्रांतिकारियों व स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संघर्ष को जानें छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तहत हरियाणा वीर शहीदी दिवस के उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहीदों का देश की आजादी के लिए योगदान, शहादत व जीवन संघर्ष से संबंधित विषय रखा गया, जिसमें विद्यार्थीयों ने बढ़ चढक्रर भाग लिया। कार्यकारी प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस युग में विद्यार्थियों के लिए क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान, संघर्ष व संदेश को जानना बहुत आवश्यक है ताकि वह राष्ट्र सेवा एवं जनहित में कार्य कर सके। प्रो. संजीव कुमार ने राव तुला राम व हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और भगत सिंह सुखदेव राजगुरु व अन्य देशभक्तों के इतिहास से परिचित करवाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इशव , दूसरे स्थान पर ऋतिकेश व तृतीय स्थान पर शिवानी रही।


नारायणगढ़। प्रतियोगिता में बाजी मारने वाले छात्र शिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. अपूर्वा चावला, प्रो. रेनू कुमारी व प्राध्यापक प्रवीन कुमार द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में इतिहास विभाग के प्रो. नरेश कुमार, प्रो. मृदुल ने योगदान दिया। इस मौके पर प्रो. सुभाष कुमार, प्रो. सतीश कुमार प्रो. स्वर्णजीत सिंह मौजूद रहे।

### आरटीआई कार्यकर्ता पर ब्लैकमेलिंग का केस

**अंबाला।** शहर के पालिका विहार के 100 गज के प्लाट पर नक्शा पास करने के मामले में अब पुलिस ने आरटीआई कार्यकर्ता अनूप राणा पर ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज किया है। इस मुद्दे पर मेयर शैलजा संदीप सचदेवा और निगम अधिकारी भी आमने-सामने आ गए हैं। असल में अंबाला शहर के पालिका विहार इलाके में एक प्लॉट पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया था। एक शिकायतकर्ता ने मेयर के ऑफिशियल मेल पर इसकी शिकायत भेजी थी। तब से ही मामला काफी गरम है। मेयर सचदेवा ने जमीन का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में विचाराधीन होने पर सवाल उठाए।

# फंड का दुरुपयोग करने पर मोहड़ा की सरपंच सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

**दो शिकायतें मिलने के बाद डीसी ने जारी किए आदेश**

सरकारी अनुदान का दुरुपयोग करने व रिकॉर्ड खुर्द बुर्द करने के आरोप में मोहड़ा गांव की सरपंच कमलजीत कौर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। डीसी अजय सिंह तोमर ने हरियाणा पंचायती राज हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (1)(बी) के तहत सरपंच के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

### रिकार्ड प्रस्तुत नहीं

उपायुक्त ने बताया कि मोहड़ा की निलंबित सरपंच कमलजीत कौर के खिलाफ गांव के ही संदीप कुमार, जसविंद्र सिंह व अन्य ने लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में एक शिकायत दी थी। जांच मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिप द्वारा की है। जांच पर सरपंच के खिलाफ नाले निर्माण के लिए किसी तकनीकी अधिकारी कर्मचारी से स्वीकृति ने लेने बारे, बार-बार नाला बनाकर व उखाडकर अनुदान का दुरूपयोग करने बारे व सरपंच द्वारा जांच से संबंधित कोई रिकार्ड प्रस्तुत न करने के आरोप लगे हैं।

# रोटरी क्लब ने स्कूल बैग बांटे

■ समाज सेवा में अहम भूमिका निभा रहा है रोटरी क्लब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

रोटरी क्लब ने समाज सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय बराड़ा स्टेशन तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर के 59 विद्यार्थियों को निशुल्क स्कूल बैग वितरित किए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम न सिर्फ विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उनके अंदर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करेगा ।


बराड़ा। बच्चों को स्कूल बैग वितरित करते क्लब के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

पूर्व प्रधान दिलप्रीत सिंह ने कहा कि बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ही रोटरी क्लब के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी क्लब शिक्षा और समाज हित के ऐसे कार्य करता रहेगा। मौके पर पूर्व प्रधान रमेश सांगवान, पूर्व प्रधान रघुवीर सिंह, कोषाध्यक्ष पूर्ण छाबड़ा, साहिल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# पीपीटी मेकिंग प्रतियोगिता में मेघा अव्वल

■ एमडीएसडी कॉलेज में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज के पुस्तकालय एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा एनडीएलआई. क्लब के तत्वावधान में पीपीटी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय डिजिटल युग में शांति का निर्माण रहा। इसे अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के उपलक्ष्य में चुना गया था। कार्यक्रम में डॉ. कौशल चौहान ने संयोजक एवं निर्णायक (की भूमिका निभाई तथा रजनी मित्तल आयोजन सचिव रही। डॉ. कौशल चौहान ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं। छात्रों ने निर्धारित विषय पर रचनात्मक और अभिनव पीपीटी तैयार करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सामग्री की गुणवत्ता (40%), रचनात्मकता एवं डिज़ाइन (30%), तथा विषय से प्रासंगिकता (30%) के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर मेघा, दूसरे पर कशिश, तीसरे पर अंजली रही।



अंबाला। पीपीटी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र। फोटो: हरिभूमि

### प्रमाणपत्र प्रदान किए

इस अवसर पर प्राचार्या करमजीत कौर ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र वितरित किए। प्राचार्या ने डॉ. कौशल चौहान एवं रजनी मित्तल को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी

# लंबे इंतजार बाद होंगे अंबाला क्लब के चुनाव

■ सदस्यों को 30 तक ड्यूज क्लीयर करने की हिदायत

■ पांच साल से नहीं हो पाए चुनाव, एसडीएम प्रशासक के तौर पर कर रहे हैं काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

लंबे इंतजार के बाद अब अंबाला शहर स्थित अंबाला क्लब के चुनाव होने की उम्मीद बंधी है। अगले दो महीने में चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने की बात क ही जा रही है। फिलहाल एसडीएम को क्लब का प्रशासक नियुक्त किया गया है। अंबाला क्लब में पिछले साढ़े 4 साल से एसडीएम ही प्रशासक है। नियमों के मुताबिक क्लब के पांच साल से अधिक समय एडमिनिस्ट्रेटर नहीं रह सकते। ऐसे में इस साल नवंबर माह में चुनाव करवाए जाएंगे। हालांकि अभी तारीख निर्धारित नहीं की गई। इसको लेकर पहले एजीएम होगी।

### लिस्ट चस्पाई

बता दें कि अंबाला क्लब के चुनाव 2021 में करवाए जाने थे लेकिन उस दौरान पुरानी-नई वोटर लिस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जिसके चलते चुनाव नहीं हो पाए थे। इसके बाद एसडीएम को क्लब के बतौर प्रशासक नियुक्त कर दिया गया था। ऐसे में बार-बार उनका कार्यकाल बढ़ता चला गया। बीते माह भी क्लब के प्रशासक का तीन माह का और समय बढ़ा दिया गया। लेकिन अब हर हाल में इसका चुनाव करवाना होगा। अंबाला क्लब में नोटिस बोर्ड पर नई लिस्ट चस्पा कर दी गई है।

# स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का आह्वान

■ स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था

■ स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले संकल्प यात्रा का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले शनिवार को स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा नेता मनीष मित्तल व अश्वनी अग्रवाल ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को समृद्ध, सुरक्षित, स्वालम्बी, स्वाभिमानी, प्रेरक राष्ट्र बनाना और इसके प्रति लोगों को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित करना और विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय कारीगरों, किसानों और उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



शहजादपुर। जागरुक यात्रा निकालते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

### स्वदेशी को अपनाना जरूरी

मनीष मित्तल व अश्वनी अग्रवाल ने आगे कहा कि यह समय आत्मनिर्भर भारत का है। इसके लिए स्वदेशी को अपनाना बेहद जरूरी है। स्वदेशी संकल्प यात्रा का संदेश है अपना देश, अपना उत्पाद यही है आत्मनिर्भर भारत का मार्ग। यात्रा में हर्षित गुप्ता,जोनी राणा,प्रवीण भारद्वाज,मुकेश जिंदल,बलदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संकल्प लिया।




### जिला एवं शहरी प्रधानों को नियुक्ति पत्र सौंपे

पंचकूला । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश द्रुत गति से विकास की ओर अग्रसर है व उन्नति एवं तरक्की के नए-नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं, वहीं पूरे विश्व में सनातन धर्म की भी प्रतिष्ठा बहाल हुई है व सनातनी अब गर्व से हिन्दू होने का दम भर रहे हैं। ये कहना था पंजाब के राजयपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का जो विश्व सनातन धर्म सभा, पंजाब द्वारा आयोजित सनातन रतन सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे थे। उनके साथ मार्गदर्शक मंथरी श्रीनिवासुलु भी विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। विश्व सनातन धर्म सभा, पंजाब के अध्यक्ष अश्विनी सेखड़ी ने उनका आदर सत्कार किया। समारोह में डॉ. राज बहादुर, एम्स डायरेक्टर, जस्टिस महेश ग्रोवर, स्वामीणश्वरा नन्द, श्री श्री 1008 मठ, सरहिंद, स्वामी सम्पूर्णानन्द ब्रह्मचारी, श्री श्री 1008 तपोनिष्ठ अग्निहोत्री, जगतगुरु महर्षि श्री कुमार स्वामी, एएस मित्तल, डायरेक्टर, सोनालिका ग्रुप, लॉयन डॉ. नरेश अग्रवाल, इंटरनेशनल प्रेजिडेंट 2017-18, नारायण सिंगला, चेयरमैन, नारायण ग्रुप, आदर्श गर्ग, चेयरमैन, जोगिन्द्रा ग्रुप, अनिल चोपड़ा, डायरेक्टर, सेंट सोल्जर ग्रुप, सतीश गुप्ता, प्रेजिडेंट, जगरनाथ मंदिर, जगदीप सिंघल, चेयरमैन, ईस्टमैन ग्रुप ऑफ़ लुधियाना तथा वीणा गोयल, डायरेक्टर, नैविगेटर्स ओवरसीज को सोने की परत चढ़े श्री रामदरबार एवं गीता प्रेस, गोरखपुर से मंगवाई गई।

## रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत दी जा रही हैं सुविधाएं

**बराड़ा।** नगर पालिका के अध्यक्ष रजत मलिक ने कहा कि रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना काफी सहायक सिद्ध हो रही है। इसी कड़ी में नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष लोन मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सहयोग से पीएम स्वनिधि योजना और लोक कल्याण मेला के अंतर्गत किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं को आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। रजत मलिक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छोटे व्यापारी अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकेंगे और आर्थिक रूप से सशक्त बन पाएंगे। इस मौके पर नगर पालिका क्षेत्र के अनेक रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं ने भाग लिया और योजनाओं का लाभ उठाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### पीएम मोदी के जीवन से सबक लें विद्यार्थी

**आईटीआई में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित हुआ करियर काउंसलिंग कार्यक्रम**

**शहजादपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारांपुर में सेवा पखवाड़े के तहत कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता/" का भी आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व विचार कलमबद्ध कर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक लेखन, व्यक्तित्व विकास तथा महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने की भावना का संचार करना रहा।

**कार्यक्रम** अग्रसेन जयंती को लेकर निकाली शोभायात्रा, विज ने की हिस्सेदारी

# महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट और एक रुपये के जरिए दिया समाजवाद का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंत्री अनिल विज ने कहा कि सारे देश में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य पर अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अंबाला छावनी में शोभायात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि यह खाली शोभायात्रा नहीं है, एक पैगाम व संदेश समाजवाद के नाम है और महाराजा अग्रसेन समाजवाद के जन्मदाता है। उन्होंने एक ईंट, एक रुपए के माध्यम से लोगों तक का समाजवाद का संदेश पहुंचाया। शोभायात्रा का मकसद भी यही है कि वहीं संदेश घर-घर तक हर आदमी तक पहुंचे। विज शाम को अंबाला छावनी स्थित पुरानी अनाज मंडी से अग्रवाल फेलोशिप क्लब द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित भगवान श्री अग्रसेन शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे।


अंबाला। शोभायात्रा में शामिल मंत्री अनिल विज व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे अनिल विज का क्लब के प्रधान राजेश गुप्ता के अलावा अमन अग्रवाल, विकास गर्ग, पार्षद महेश अग्रवाल, एडवोकेट ऋषि गुप्ता, प्रदीप गोयल, राजेंद्र गोयल, राकेश बंसल, अजय गुप्ता, अमित अग्रवाल, पप्पू बहल व ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

### सब एक समान रहे

कहा कि महाराजा अग्रसेन के संदेश का मकसद यह है कि कोई गरीब-अमीर न रहे और सब एक समान रहे। इसीलिए महाराजा अग्रसेन ने यह सिद्धांत बनाया कि जो सक्षम है वह दूसरों की सहायता करें और सब लोग एक जैसे हों। अग्रवाल समाज के वो जन्मदाता है, उन्होंने अपने पुत्रों के नाम पर गौत्र बनाए और अनेकों सिद्धांत उन्होंने स्थापित किए। अहिंसा का भी उन्होंने प्रचार किया और लगभग 108 वर्षों तक अपने कुशल प्रशासन विद्या के कारण उन्होंने राज किया व दूर-दूर तक अपने पैगाम पहुंचाए।